केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Human Resource Development, Govt. of India)

**सीबीएसई/समन्वय/आईपीएस/परीक्षा-2023/2023/ई-93618** **दिनांक: 24.07.2024**

**सत्र 2022-23 के लिए सीबीएसई द्वारा**
**परीक्षा केंद्रों के रूप में**
**नियत प्रधानाचार्य/केंद्र अधीक्षक**
**(सीबीएसई वेबसाइट के माध्यम से)**

**विषय: अद्यतित एकीकृत भुगतान प्रणाली (आईपीएस) के माध्यम से बोर्ड की परीक्षा 2023-24 के लिए केंद्र प्रभार हेतु पूर्ण एवं अंतिम भुगतान**

महोदय/महोदया,

यह केंद्र अधीक्षकों द्वारा ओईसीएमएस पोर्टल में डाटा को अपडेट करने के लिए दिनांक 12.03.2024 के पत्र के तहत पहले जारी अनुदेशों के क्रम में है। यह संप्रेषित किया जाता है कि केंद्र पर परीक्षाओं के सभी दिनों के सही और अद्यतित ओईसीएमएस डाटा की अनुपलब्धता में, विभिन्न परीक्षा पदधारियों का भुगतान आईपीएस के माध्यम से संभव नहीं होगा। यदि केंद्र के बाहर से केन्द्र अधीक्षकों को नियुक्त किया गया है तो केंद्र स्कूल दैनिक आधार पर ओईसीएमएस पर अपडेट करने के लिए सभी व्यवस्था करेगा।

अब, बोर्ड ने एआईएसएससीई/एआईएसएसई परीक्षा 2023-24 के संचालन में परीक्षा केंद्र एवं पदधारियों के लिए केंद्र प्रभार के लिए भुगतान जारी करने हेतु अद्यतित एकीकृत भगतान प्रणाली (आईपीएस) को शुरू किया है।

डाटा को ओईसीएमएस पोर्टल से आईपीएस पोर्टल में लिया जाएगा। आईपीएस पोर्टल लिंक सीबीएसई वेबसाइट पर “परीक्षा संगम” में उपलबद्ध है और डाटा की जांच, उसे सत्यापित और आखिर में फ्रीज़ करने के लिए परीक्षा केंद्रो हेतु सक्रिय किया गया है।

बोर्ड व्यक्ति के बैंक खाते में आटोमोटिव मोड में भुगतान करेगा। डाटा को आईपीएस पोर्टल प्रणाली में फ्रीज़ करने के लिए अंतिम तिथि 14 अगस्त 2024 है। यह भी नोट किया जाए कि बोर्ड ने नियत समय सारणी में भुगतान करने का निर्णय लिया है और इस प्रकार, सभी संबंधितों से बोर्ड के निर्देशों को सख्ती से पालन करने का अनुरोध किया जाता है।

**हस्ता/-**
**(डॉ. संयम भारद्वाज)**
**परीक्षा नियंत्रक**

**सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के अनुरोध सहित वेब-प्रशासक को प्रतिलिपि**

“शिक्षा केन्द्र”, 2, सामुदायिक केन्द्र, प्रीत विहार, दिल्ली-110092
“SHIKSHA KENDRA” 2, COMMUNITY CENTRE, PREET VIHAR, DELHI-110092
Phone (off.) : 011-22509256-59, 22041807-08, Website: www.cbse.gov.in, www.cbse.nic.in